समाचार

आयुक्त ने कराया संविधान की प्रस्तावना का पठन

(निगम कार्यालय साकेत में मनाया गया संविधान दिवस)

कोरबा 26 नवम्बर 2024 –नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को भारत के संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया।

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस मनाए जाने के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में आज निगम कार्यालय साकेत में संविधान दिवस मनाया गया। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारी कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया। संविधान की प्रस्तावना का पठन करते हुए अधिकारी कर्मचारियों ने दोहराया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उस के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईसवी को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, योगेश राठौर, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, लेखाधिकारी अशोक

देशमुख, निगम सचिव रामेश्वर सिह कंवर, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, कार्यालय अधीक्षक आरविंद वानखेडे, उत्तम साहू, जी.एस.चंदेल, सहा.लेखाधिकारी प्रदीप सिकदर, आनंद दुबे, दिवाकांत जायसवाल, एस.डी.महंत, शांतिलाल सोनी, सरस देवांगन, परमेश्वर शर्मा, कपिल श्रीवास्तव, अरूण मिश्रा, कृष्णादास महंत, मनीष ठाकुर, भानू साहू, तीजराम साहू, शंकर साहू, फुलकुमारी तिवारी, आभा सिंह, विनीता सिंह, तुलसीबाई, तिलका ध्रुव, लक्ष्मीनारायण कंवर, जीवनलाल कर्ष, रईस चौहान, संजय भास्कर, बिहारी यादव, मनोज श्रीवास, सुभाष, विकास टंडन, राजू, प्रमोद, श्री जीवन राजवाडे, शिव सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पठन किया।